# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII- 2nd Lang. | Department: Hindi | Class work |
| --- | --- | --- |
| Worksheet No: 3 | Topic: अपठित अर्थग्रहण | Note: Pl File in portfolio |

**प्रश्न-दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए --**

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं| जैसे कि सड़क पर ठेला लगाने वाला, दूधवाला, नगर निगम के सफाई कर्मी, बस कंडक्टर, स्कूल अध्यापक, हमारे सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन, परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं तो कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अति निम्न स्तर का माना जाता है, किन्तु यदि सचिव अपने कार्य को कुशलतापूर्वक नहीं करता है और उत्कृष्ट सेवाओं में ढिलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता तो क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि महत्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्य-प्रणाली में पारदर्शिता। इस संदर्भ में गाँधीजी से उत्कृष्ट उदाहरण और किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरबा से भी उनके मतभेद हो गए थे। बाबा आमटे ने समाज द्वारा तिरस्कृत कुष्ठ रोगियों की सेवा में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सुंदरलाल बहुगुणा ने 'चिपको आन्दोलन' के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया। फादर डेमियन ऑफ मोलोकाई, मार्टिन लूथर किंग और मदर टेरेसा - जैसी महान आत्माओं ने इसी तरह के सत्य को स्वीकार किया।

इनमें से किसी ने भी कोई सत्ता प्राप्त नहीं की, बल्कि अपने जन कल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर राज किया। गाँधी जी का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष उनके जीवन का एक पहलू है, किन्तु उनका मानसिक स्तर वास्तव में एक राष्ट्र की सीमाओं में बंधा हुआ नहीं था। उन्होंने सभी लोगों में ईश्वर के दर्शन किए। यही कारण था कि कभी, किसी पंचायत तक के सदस्य नहीं बनने वाले गाँधीजी की जब मृत्यु हुई तो अमेरिका का राष्ट्रध्वज भी झुका दिया गया था।

**1. अनुच्छेद के अनुसार किसी व्यक्ति के कार्य का मूल्यांकन किस आधार पर होना चाहिए?**

A. उसके पद और वेतन के आधार पर

B. कार्य के प्रति समर्पण और पारदर्शिता के आधार पर

C. उसकी शिक्षा के स्तर पर

D. समाज में उसके पारंपरिक चलन के आधार पर

**2. लेखक ने एक आदर्श अधिकारी किसे नहीं माना है?**

A. जो बहुत उच्च पद पर आसीन हो

B. जो केवल अपने वेतन के लिए काम करे

C. जो उत्तरदायित्वों का निर्वाह न करे और कार्य में ढिलाई बरते

D. जो सरकारी सचिव के पद पर कार्यरत हो

**3. दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी का अपनी पत्नी कस्तूरबा से मतभेद क्यों हुआ था?**

A. स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के कारण

B. सफाई जैसे कार्य को नीचा न समझने के कारण

C. परिवार को समय न देने के कारण

D. धन के अभाव के कारण

**4. 'श्रम की गरिमा' (Dignity of Labour) का क्या अर्थ है?**

A. केवल उच्च स्तर के कार्यों को सम्मान देना

B. हर कार्य को सम्मानजनक और गरिमामय मानना

C. कम वेतन वाले कार्यों को छोटा समझना

D. केवल शारीरिक श्रम करना

**5. बाबा आमटे ने अपना जीवन किस कार्य के लिए समर्पित कर दिया?**

A. पेड़ों के संरक्षण के लिए

B. स्वतंत्रता संग्राम के लिए

C. कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए

D. राजनीति में सुधार के लिए

**6. 'चिपको आंदोलन' के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का कार्य किसने किया?**

A. मार्टिन लूथर किंग

B. सुंदरलाल बहुगुणा

C. फादर डेमियन

D. मदर टेरेसा

**7. अनुच्छेद में वर्णित महान आत्माओं (जैसे मदर टेरेसा, मार्टिन लूथर किंग) में क्या समानता थी?**

A. वे सभी सत्ता और ऊँचे पदों पर आसीन थे

B. उन्होंने जन कल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर राज किया

C. वे सभी राजनीतिज्ञ थे

D. उन्होंने केवल अपने राष्ट्र की सीमाओं में काम किया

**8. गांधीजी की मृत्यु पर अमेरिका का राष्ट्रध्वज क्यों झुकाया गया था?**

A. क्योंकि वे एक महान कूटनीतिज्ञ थे

B. क्योंकि वे किसी अंतर्राष्ट्रीय पंचायत के सदस्य थे
C. उनके महान मानवीय दृष्टिकोण और विश्वव्यापी प्रभाव के कारण
D. क्योंकि उन्होंने अमेरिका की सहायता की थी

**9. "गांधीजी का मानसिक स्तर राष्ट्र की सीमाओं में बंधा नहीं था" - इस पंक्ति का क्या आशय है?**

A. वे विदेश में बसना चाहते थे
B. वे वैश्विक एकता और मानवता में विश्वास रखते थे
C. वे भारतीय कानूनों को नहीं मानते थे
D. वे केवल सीमाओं की सुरक्षा करना चाहते थे

**10. इस गद्यांश का सबसे उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है?**

A. पद और प्रतिष्ठा
B. राजनीति और समाज
C. कर्म की महत्ता और श्रम की गरिमा
D. गांधीजी का स्वतंत्रता संघर्ष

---

## उत्तर माला (Answers)

1. **B** (कार्य के प्रति समर्पण और पारदर्शिता के आधार पर)
2. **C** (जो उत्तरदायित्वों का निर्वाह न करे और कार्य में ढिलाई बरते)
3. **B** (सफाई जैसे कार्य को नीचा न समझने के कारण)
4. **B** (हर कार्य को सम्मानजनक और गरिमामय मानना)
5. **C** (कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए)
6. **B** (सुंदरलाल बहुगुणा)
7. **B** (उन्होंने जन कल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर राज किया)
8. **C** (उनके महान मानवीय दृष्टिकोण और विश्वव्यापी प्रभाव के कारण)
9. **B** (वे वैश्विक एकता और मानवता में विश्वास रखते थे)
10. **C** (कर्म की महत्ता और श्रम की गरिमा)

********************************